कर्ज से पीड़ित किसान ने की पेड़ से लटक कर आत्महत्या

मथुरा। किसान की आय दो गुनी करने का वायदा कर रही सरकार के दावे कुछ भी हों लेकिन मथुरा के नौहझील क्षेत्र के गांव नावली के किसान की बैंक के दो लाख रुपये के कर्ज ने जान लेली। किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गुरुवार सुबह किसान का शव गांव के बाहर खेत पर नीम के पेड़ पर लटका मिला। घटना से उसके परिवार में को. हराम मचा हुआ है। नौहझील के गांव नावली के ४५ वर्षीय किसान कुशलपाल ने बैंक से २०१० में दो लाख रुपये कर्ज लिया था। खेती किसानी से लाख प्रयास करने के बाद भी कुशलपाल बैंक का लोन चुका नहीं पाया। प्रदेश की योगी सरकार की किसान कर्ज माफी की पेचीदगियों में फंस गये और इस कर्जमाफी में उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। दूसरी ओर बैंक की ओर से कर्ज चुकाने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था। ग्रामीण रामगोपाल ने बताया कि कुशलपाल की गांव में इज्जत थी, लाख कोशिश के बाद भी वह कर्ज नहीं चुका पा रहे थे। बैंक की ओर से बेइज्जती के डर से वह गुमशुम रहने लगे थे। उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। दो साल पहले उन्होंने पांच बीघा खेत भी बेच दिया था लेकिन इसके बाद भी कर्ज नहीं चुका सके। रामगोपाल ने बताया कि वह बुधवार की शाम को चार बजे घर से मोटरसाइकिल निकले थे, इसके बाद घर नहीं पहुंचे और गुरुवार की सुबह उनका शव जंगल में फंसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्राम प्रधान नौरज चौधरी गुरुवार की सुबह खेतों को ओर गए। उन्होंने किसान कुशलपाल का शव उसके ही खेत में खड़े पेड़ पर लटका देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी।

ट्रक कार में भिड़त, युवक की मौत

मथुरा। राया थाना क्षेत्र अंतर्गत बीतीरात हाथरस रोड पर ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से चला कर कार को टक्कर मार दी जिस से कार में सवार युवक घायल हो गया और उपचार को ले जाते समय मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जितेन्द्र उम्र २८ वर्ष पुत्र बाबूलाल निवासी मैन बाजार छाता अपनी ईको कार से हाथरस गया था वहां से रात के समय लौट रहा था तभी १० बजे सोनई के समीप ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से चला कर कार को टक्कर मार दी जिस से जितेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गयी और घायल युवक को उपचार के लिए ले जा रहे थे कि रास्तें में मौत हो गयी। घटना के संबंध में बिचपुरी चौकी पर मुकदमा दर्ज कराया है।

समाज के अन्तिम पंक्ति में बैठे लोगों को लाभ दिलायें-प्रभारी मंत्री

गरीब व्यक्ति के स्तर को ऊपर उठाना सरकार की प्राथमिकता है

प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया

मथुरा। प्रदेश सरकार की ''एक जनपद एक उत्पाद'' योजना का मुख्य कार्यक्रम लखनऊ के इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया जिसका सीधा प्रसारण स्क्रीन के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में लाभार्थियों को दिखाया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री/पंचायतीराज मंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक वन प्रोडेक्ट) प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत जनपद में जो उत्पाद हैं उनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए सुलभ बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुटीर उद्योगों से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलता है, इसमें हम सभी का प्रयास होगा कि भविष्य में बेहतर बाजार गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हो। जनपद के मुख्य उत्पाद सेनेटरी फिटिंग्स का जो सरकार द्वारा चयन किया गया है उसके तहत जनपद में आज ६०-७० छोटी-बड़ी इकाइयां उपयोग के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर १०० करोड़ ऋण वितरण सरकार की प्राथमिकता है। इस प्राथमिकता में ओडीओपी के माध्यम से प्रदेश भर के लोगों को अधिक रोजगार, अच्छा बाजार प्राथमिकता पर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पाद गुणवत्ता के आधार पर उत्पादन करें, जिससे अधिक संख्या में रोजगार उपलब्ध हो सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि गरीब, सरकार की प्राथमिकताओं में है, समाज के अन्तिम पंक्ति में बैठे लोगों के लिए हम सभी को मिलकर आम आदमी के स्तर को ऊपर उठाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में २२ करोड़ लोगों को साधन उपलब्ध कराते हुए सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत २०२२ तक सभी बेघरों को आवास देना है। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराना भी सरकार की स्पष्ट मंशा है। मंत्री जी ने उद्योग विभाग द्वारा एक जनपद-एक उत्पाद के तहत लाभान्वित किये गये ५३ लाभार्थियों, सिंडीकेट बैंक द्वारा मुद्रा लोन के २३, आईटीआई द्वारा कौशल विकास मिशन के २४ प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस तथा स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डूडा द्वारा ३० लाभार्थियों तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा ३० लाभार्थियों सहित कुल १६० लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं में ४.३३ करोड़ रू० की धनराशि के स्वीकृति पत्र/प्रमाणा पत्र प्रदान कर उनके सुखद भविष्य की कामना करते हुए जनपद की टीम को बधाई भी दी। प्रभारी मंत्री जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में बल्देव विधायक पूरनप्रकाश, जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार, सीडीओ रामनेवास, भाजपा जिलाध्यक्ष नगेन्द्र सिकरवार, मथुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पन्नालाल गौतम, पीओ डूडा, समाज कल्याण अधिकारी, आईटीआई वृन्दावन के प्रधानाचार्य, एलडीएम, जिला उद्योग केन्द्र सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण उपस्थित थे।

बकरीद त्यौहार पर सफाई, जलापूर्ति एवं सुरक्षा की सभी व्यवस्थायें सुदृढ़ होंगी

मथुरा। जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र ने कहा कि ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व पर सभी व्यवस्थायें सुख्रढ़ होंगी। उन्होंने परम्परागत रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिये कि आवारा जानवरों को इस भॉति नियंत्रित किया जाय कि नमाज के दौरान वे बाहर दिखायी न दें। साफ-सफाई पहले से बहुत बेहतर रहेगी और प्रभावी जलापूर्ति करायी जायेगी। डीएम ने कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बकरीद की तैयारियों सम्बन्धी बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि ट्रेफिक व्यवस्था, सुरक्षा सुदृढ होगी, जानवरों हेतु ऐसी वैरीकेटिंग करायी जाय कि जो वे बाहर निकल न सकें। उन्होंने बकरीद पर्व पर विद्युत कटौती मुक्त करने हेतु विद्युत अभियंता को निर्देश दिये कि वे ढीले व जर्जर तारों की व्यवस्था सुदृढ़ कराने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग के अभियंता व नगर निगम को मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर मरम्मत आदि कार्य दो दिन पहले पूर्ण कराने, स्ट्रीट लाइट दुरूस्त कराने, त्यौहार के पूर्व बाजार में देर तक खरीदारी के हिसाब से निर्बाध विद्युत आपूर्ति व सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में होने वाली कुर्बानी के दिनों सुदृढ सफाई व्यवस्था करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कडे निर्देश दिये। उन्होंने एसीएमओ को चिकित्सक टीम एवं पर्याप्त दवाओं के साथ एम्बुलेंस व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिये। डीएम ने नगर के अतिरिक्त जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी उप जिलाधिकारियों क्षेत्राधिकारियों को इसी भांति व्यवस्थायें सुनिश्चित करने और इसके पूर्व शांति समिति की बैठक आयोजित करके आने वाले सुझावों पर अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रवीन्द्र कुमार, प्रशासन आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं देहात, सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार तथा क्षेत्राधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट डा० बसन्त अग्रवाल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा शाही मस्जिद ईदगाह के अध्यक्ष डा० जेड हसन, मो० हनीफ आल. ूवाले, डॉ० अबरार हुसैन, डॉ० अजीज, यूनुसगाजी, अब्दुल रहमान, अवरार वारसी सहित मुस्लिम समाज के सभ्रान्त नागरिक उपस्थित थे।

विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते ३ भैंसों की हुई मौत

मथुरा। मांट थाना क्षेत्र के गांव खुर्रम में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते तीन भैंसों की मौत हो गई एच टी लाइन का तार टूट कर पोखर में गिरने से पोखर करंट आने पर हुआ हादसा विद्युत विभाग की जर्जर कटीले तार होने के कारण हुआ हादसा। मथुरा के मांट थाना क्षेत्र गांव खुर्रम में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते तीन भैसो की मौत हो गई बताया जाता है एच टी लाईन का तार अचानक टूट कर पोखर में गिरा पोखर करंट आने से हुआ हादसा पीड़ित साहबसिंह ने बताया भैंसों को पानी पिलाने गांव की पोखर में ले गए थे विद्युत का तार टूटकर पानी में गिर गया पानी में करंट आने के कारण तीन भेस खत्म हो गई बिजली घर फोन किया लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी ने फोन नहीं उठाया ग्रामीणों ने ही विद्युत का तार काट कर बाकी भैंसों को बचा लिया गया तकरीबन २ घंटे बाद भी विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा जिससे बिधुत बिभाग के खिलाफ ग्रामीणों में रोष व्याप्त है सूचना पर पहुँची पुलिस कार्यवाही में जुटी हैं।

बल्देव के स्कूल से गायब छात्रा बरामद

अलीगढ़ रेलवे स्टेशन से बरामद हुई छात्रा, पुलिस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी

मथुरा। बल्देव के जनता पूर्व माध्यमिक विद्यालय से बुधवार को गायब हुई कक्षा सात की छात्रा को गुरुवार की रात को अलीगढ़ से बरामद कर शुक्रवार की सुबह पुलिस बल्देव के गांव उदयसिंह वापस ले आई। हालांकि छात्रा को कौन लेकर गया था और पुलिस को अलीगढ़ से किस ने सूचित किया यह पुलिस खुल कर नहीं बात पा रही है, बल्देव पुलिस का कहना है कि अलीगढ़ के रेलवे स्टेशन से छात्रा को बरादम किया गया। लौट कर आई छात्रा भी बार बार अपने बयान बदलती रही। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह अकेली चली गई थी, छात्रा की साइकिल और बैग भी रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने बरामद किये हैं। जबकि छात्रा जिस स्कूली ड्रेस में गाबय हुई थी और लोटी तो उसने कपड़े भी दूसरे पहन रखे थे। पुलिस को छात्रा के अकेले जाने की बात पर यकीन नहीं हुआ। इसके बाद उसने बताया कि उसे कक्षा आठ में पढ़ने वाला लड़का मोटर साइकिल से ले गया था। जब पूछताछ की गई तो लड़की ने नाम बताने से इनकार कर दिया और पुलिस को बताया कि वह स्कूल में कबडी खेलने आता है, वह नाम नहीं जानती। बल्देव पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराने के बाद आगे की कार्यवाही करने और जांच को इसी आधार पर आगे बढ़ाने की बात कही है। बुधवार को छात्रा के गायब होने के बाद गुरुवार को भाकियूं जिलाध्यक्ष राजकुमार तौमर के नेतृत्व में स्कूल पर पहुंचे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने स्कूल के स्टाफ को बंधक बना लिया था। थाने का घेराव कर हंगामा किया था और पुलिस के हाथपांव फुला दिये थे। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रात में ही छात्रा को बरामद कर लिया।

वीडीओ गोवर्धन दिशा-निर्देशन में पौधारोपण कार्यक्रम

गोवर्धन। उत्तर प्रदेश शासन के ९ करोड़ पौधे के लक्ष्य के बीच विकास खंड अधिकारी गौरवेन्द्र सिंह के निर्देशन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वीडीओ गौरवेन्द्र सिंह के द्वारा २६ हजार पौधो रोपण के संकल्प के साथ ग्राम महमदपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सैकड़ों पौधे रोपे गये। इस अवसर पर वीडीओ गौरवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी द्वारा वृहद वृक्षारोपण का संकल्प लिया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम प्रधान व सचिव को पौधे रोपण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा शिक्षा विभाग व अन्य संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। गिरिराज जी की परिक्रमा के देहात क्षेत्र में भी पौधा रोपण किया जाना है। इस अवसर पर अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय उप प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार पांडेय ने भी अपने हाथों से वृक्षारोपण किया। इस मौके पर महमदपुर ग्राम प्रधान पन्ना लाल, शैलेश, रत्ना शर्मा, पुष्पा शर्मा, बिमला देवी के साथ विद्यालय के छात्र मौजूद थे।

ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गठन पर एनजीटी कोर्ट ने गोवर्धन के मामले पर जताई नाराजगी

परिषद के गठन को लेकर तीर्थ विकास के लिए न कोई प्लानिंग और न ही बजट पारित हुआ श्रीनाथ द्वारा टेंपल बोर्ड की तर्ज पर हो गोवर्धन गिरिराज जी तीर्थ विकास परिषद का गठन

गोवर्धन। गिरिराज जी की परिक्रमा सौंदर्यीकरण एवं सरंक्षण मामले में मा. एनजीटी न्यायालय ने राजस्थान सरकार के गोवर्धन गिरिराज जी तीर्थ विकास परिशद के गठन पर नाराजगी जताई है। मा. एनजीटी न्यायालय के जज रघुवेन्द्र एस राठौर की अध्यक्षता में न्यायालय ने यूपी सरकार के ब्रज तीर्थ विकास परिशद के गठन को लेकर गोवर्धन के लिए अभी तक कोई काम नहीं किये जाने पर फटकार लगाई है। राजस्थान की ओर से चल रही सुनवाई में कोर्ट ने कहा सिर्फ परिषद के गठन से कुछ नही होता है। सिर्फ परिशद का गठन कर खानापूर्ति एवं कोर्ट को गुमराह करने के लिए उन्ही अधिकारियों की कमेटी बना ली जो कि जिले में अन्य पदों पर कार्यरत हैं। जब वे अपने पदों की तैनाती पर होते हुए कुछ नहीं कर पक्ष रहे हैं तो परिज़द का हिस्सा बनकर क्या कर पाएंगे। श्राइन बोर्ड का मतलव एक अलग बजट पारित कर कमेटी का गठन होना है। यूपी सरकार को भी जबाव तलब किया कि बृज तीर्थ विकास परिषद बनाकर गोवर्धन के लिए क्या किया। कोर्ट ने कहा कि यूपी और राजस्थान सरकार विधान सभा में विशेष प्रस्ताव पास करें। गोवर्धन के लिए राजस्थान और यूपी सरकार मिलकर श्राइन बोर्ड बनाएं। दोनों सरकारों की जिम्मेदारी करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्वालुओं को सुविधा देन की है। दोनों सरक. ारों के प्रषासनिक अधिकारी अलग-अलग राग न अलपायें। दोनों राज्यों के प्रष्ठासनिक अधिकारी बैठकर बात करें। गौरतलब है कि कोर्ट की अवे. हलना पर राजस्थान सरकार पर पहले ही एक लाख रूपये का जुर्माना हो चुका है। इसके बाद राजस्थान की ओर से आनन फानन में गिरिराज जी गोवर्धन तीर्थ विकास परिषद का गठन कर दिया गया। शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी डीग शेर सिंह लुहारिया की अगुवाई में दिल्ली में रिपोर्ट दी थी लेकिन कोर्ट ने परिषद के गठन पर नाराजगी जताई और श्रीनाथ द्वारा टेंपल बोर्ड की तरह अलग से परिषद का गठन करने की मांग की। अब राजस्थान सरकार को गोवर्धन गिरिराज जी तीर्थ विकास परिशद के लिए अलग से अधिकारियों की तैनाती करनी होगी। दूसरी ओर एनजीटी न्यायालय की ओर से नियुक्त किये गये कमिष्नर सेवानिवृत्ति आईपीएस अधिकारी आनंदवर्धन षुक्ला ने गिरिराज जी की परिक्रमा में धरातल पर की गई समीक्षा रिपोर्ट एनजीटी न्यायालय को सोंप दी। जिसमें एनजीटी न्यायालय के अनुपालन में १७ बिन्दुओं के कार्यों पर प्रगति नहीं मिली है।

बाजारों एवं कालौनियों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर हाइवे पुलिस ने पकड़े

मथुरा। जिले की हाइवे पुलिस ने मार्केटों, रेलवे कालौनी एवं मायापुरम कालौनी में चोरी करने वाले गैंग के दो शातिरों को शुक्रवार सुबह श्रीजीधाम कालौनी गोवर्धान रोड से चोरी की घटना से पूर्व ही दबोच लिया, जिन्हें दोपहर एसएसपी के समक्ष पेश करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस लाइन स्थित सभागार में शुक्रवार दोपहर एसपी सिटी श्रवण कुमार ने बताया कि थाना हाइवे उपनिरीक्षक चन्द्रमोहन को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति श्रीजीधाम कालौनी के पास खड़े है, जो किसी घटना को अंजाम देने के लिए यहां आए है। पुलिस ने आनन-फानन में मयफोर्स के साथ बताए गए स्थल पर पहुंच गए और पुलिस को देखकर उक्त शातिर संदिग्ध भागने लगे लेकिन पुलिस टीम ने अजीत पुत्र स्व० श्री साहव सिंह निवासी म०नं० ३११ गली नं० ४ विनोवा नगर थाना सादाबाद हाथरस हाल नि० राँची बांगर थाना रिफाइनरी मथुरा व अजय पुत्र दिनेश शर्मा निवासी विनोवानगर थाना सादाबाद जिला हाथरस हाल नि० कृष्णानगर थाना कोतवाली जामातलाशी लेने पर दोनो के पास से ५०००रु० नगद एक मंगल सूत्र पीली धातू, एक लर व दो अगुँठी पीली धातू बरामद हुयी। एसपी सिटी ने बताया कि इन्होंने बरामद माले के बारे में बताया कि यह सामान इन्होंने रोडवेज कालौनी से चोरी किया है और पूछने पर बताया कि दोनो ने चहलपहल मार्केट गोवर्धन रोड, रेलवे कालौनी व मायापुरम कालौनी गोवर्धन रोड पर भी चोरीयाँ की है आज भी चोरी करने की फिराक मे थे, पर उससे पूर्व पुलिस ने उन्हें पकड लिया। अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

स्वतंत्रता दिवस आयोजन की बैठक संपन्न

मथुरा। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने अवगत कराया है कि १५ अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समस्त कार्यालय व विद्यालयों में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस दौरान प्रातः ०८ बजे सभी सरकारी भवनों पर कार्यालया/यक्षों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रीय गान का भावपूर्ण गायन होगा। प्रातः ०८ बजे समस्त शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। राष्ट्रीय गान का सामूहिक गायन कराया जाय। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाए। देश पर शहीद हुए देशभक्तों के प्रेरक प्रसंग दोहराये जायें, जिससे उनमें राष्ट्रीय चेतना जाग्रत हो। देश प्रेम की भावना जाग्रत करने वाले नाटक, विचार गोष्ठी, बाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, निबन्धा लेखन से संबंधित प्रतियोगितायें कराने स्कूल चलो अभियान की जानक. ारी देने, साक्षरता दर बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी व कर्मचारीगण अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर स्वतंत्रता दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनायेंगे। कोई भी अनुपस्थित नहीं रहेगा। अनुपस्थित की दशा में संबंधितत के विरूद्व विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

गोबिन्द नगर पुलिस ने तीन लाख की एल्यूमिनियम प्लेट्स के साथ दो पकड़े

मथुरा। जिले की गोविन्द नगर पुलिस ने बीतीरात गोकुल रेस्टोरेंट के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, इनके तीन साथी अभी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास में पुलिस जुटी है। पकड़े गए अभियुक्तों ने सात अगस्त को गोयल फैक्ट्री मेटल्स शिवाजी नगर में हुई चोरी की घटना को कबूला है। इनके कब्जे से ५९ एल्यूमिनियम प्लेट्स व दो तमंचे व चार कारतूस भी बरामद हुए हैं। जिन्हें पुलिस ने आज जेल भेजा है। गौरतलब हो कि थाना हाइवे क्षेत्र अंतर्गत श्रीजी गार्डन गोवर्धन रोड निवासी गिरधारी लाल अग्रवाल पुत्र सत्यनारायण अग्रवाल की शिवाजी नगर स्थित गोयल फैक्ट्री मेटल्स से ७ अगस्त की रात फैक्ट्री की दीवार काटकर ५०-६० एल्यूमिनियम प्लेट्स चुराकर चोर ले गए। इस संबंध में पीड़ित ने थाना गोविन्द नगर में तहरीर दी थी। एसएसपी एवं एसपी सिटी एवं सीओ सिटी ने इस मामले में टीम गठित करते हुए मुखबिर की सूचना पर बीतीरात गो. कुल रेस्टोरेंट के पास से फईम पुत्र हनीफ , सोहिब पुत्र निजाम निवासीगण निवासी बद्रीनगर नई बस्ती डीगगेट को गिरफ्तार किया है। इस चोरी में शामिल फिरोज पुत्र जहीर, इमरान पुत्र अज्ञात, रईस पुत्र नौला अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में गोविन्द नगर पुलिस जुटी हुई है। थाना गोविन्द नगर प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों से ५९ एल्यूमिनियम प्लेट्स एवं दो तमंचे कारतूस भी बरामद हुए हैं। बाजार में एल्यूमिनियम प्लेट्स की कीमत लगभग तीन लाख रूपए हैं।

क्रिएटिव फेंड्स ग्रुप ने हरियाली तीज महोत्सव मनाया

मथुरा। क्रिएटिव फेंड्स ग्रुप द्वारा तीज के उपलक्ष्य महफिल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सदस्यों ने शायराना वेशभूषा में शिरकत कर महफिल को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान राधाा कृष्ण के चित्र के आगे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अर्चना और रेनू द्वारा मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी के गीतों पर नृत्य कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्वांजलि अर्पित की। इसके पश्चात शायराना थीम में फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें नकाब राउंड और हुनर राउंड मे साथी प्रतियोगिता को पीछे छोड़ विपजा भारद्वाज, कविता चंदानी, रेखा ,प्रियंका, अंजना, पारुल को क्रमशः कोहिनूर ,नीलम ,पुखराज, माणिक और पन्ना आदि रत्नों के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजस्थान घूमर नृत्य जिसमें रश्मि ,अंतिमा ,रिंकल,आभा, शारदा और दीपा ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए इस मौके पर कव्वाली का भी आयोजन किया गया। जिसमें पायल ,मो. निका, शिल्पी ,सोनिया ,दीपा गोला, रंजना बंसल ,अनीता ,वंदना और पलक ने अपनी प्रस्तुति दी इसी श्रंखला में शायराना अंदाज में नृत्य रागिनी रिंकल प्रियंका ,निशि ,रेखा, नेहा ने माहौल को शायराना बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लघु नृत्य नाटिका रास रचौया ढोंगी बाबा की प्रस्तुति की गई जिसमें ढोंगी बाबाओं द्वारा फैली कुरीतियों को उजागर किया गया। इसमें नीना जैन, सुमित गोयल, सुजाता ,रेनू और अनीता ने अभिनय किया कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना अग्रवाल और रेनू सिंह ने किया कार्यक्रम में रितु ,संध्या ,सरिता ,सीमा ,रिचा आदि की उपस्थिति रही कार्यक्रम की संयोजिका अर्चना अग्रवाल कार्यक्रम की सफलता के लिए सबका आभार व्यक्त किया।

लखनऊ पहुंचे कार्यकर्ता जोश में, राधाकुंड के संत से लिया आशीर्वाद

गोवर्धन। निर्विरोध निर्वाचित उत्तर प्रदेश सहकारिता कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष बनने के बाद पूर्व सांसद तेजव. ीर सिंह का लखनऊ पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ स्वागत किया। गिरिराज जी की परिक्रमा राधाकुंड से रघुनाथ दास गद्दी से पहुंचे संत बाबा केशव दास ने राधारस सुधा निधि ग्रंथ भेंट किया। इसके बाद अध्यक्ष तेजवीर सिंह ने संत को माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में क्रय-विक्रय सहकारी समिति के गोवर्धन उपसभापति रोहन सिंह, सभाप्रतिनिधि ठा. पंकज सिंह, पूर्व प्रधान अड़ीग अशोक चौधरी, मंडल अध्यक्ष भाजपा गोवर्धन मोहन लाल शर्मा, विवेक शर्मा, महादेव पांडेय, देवो चौधरी, चरन कौशिक आदि थे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन की बैठक संपन्न

मथुरा। जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र की अध्यक्षता में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्वालुओं के लिए जगह-जगह जूते-चप्पल रखने के लिए व्यवस्था की जायेगी, क्योंकि अधिक भीड के दौरान इधर-उधर भटकना पडता है। डीएम ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि के रेड जोन क्षेत्र में आने वाली सभी मांस की दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करायें। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन के दौरान पूर्व से ही यातायात की सुगम व्यवस्था की जायेगी, जिसमें श्रद्वालुओं के साथ ही जनता को भी अनावश्यक परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम जन्मस्थान क्षेत्र में वन वे ट्रेफिक रहेगा, वाहन तथा पार्किंग व्यवस्था निर्धारित स्थलों पर की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान जगह-जगह सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने श्रद्वालुओं के लिए मोबा. इल टॉयलेट तथा पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराने के लिए नगर निगम को निर्देश दिये। श्रद्वालुओं के लिए चिकित्सा शिविर तथा एम्बुलेंस लगाने के लिए चिकित्सा विभाग को निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग से कहा कि कार्यक्रम क्षेत्र में ट्रान्सफार्मर तथा बिजली खम्भों की बेरीकैड़िंग और नीचे तारों का व्यवस्थित करायें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार ने कोतवाली एवं थाना गोविन्द के प्रभारियों को निर्देशित किया है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र के निकटतम मांस की दुकानें चिन्हित कर लाइसेंस चौक करें, अन्यथा जिनके पास लाइसेंस नहीं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ०१ किलो० मीटर के दायरे में प्रत्येक आने वाली मांस की दुक. ानों पर प्रतिबन्ध किया जाना सुनिश्चित करायें। साथ ही कहा कि जिन दुकानदारों पर मुर्गा मीट का लाइसेंस है और वे उस लाइसेंस की आड़ में अन्य जानवरों का भी कटान कर रहे हैं उन पर जांच कर कार्यवाही करें। बैठक में एडीएम फाइनेंस रवीन्द्र कुमार, प्रशासन आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट डॉ० बसन्त अग्रवाल, सभी एसपी, एसडीएम, सीओ, श्रीकृष्ण जन्मभूमि संस्थान से गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, द्वारिकाधीश मन्दिर के श्रीधर चतुर्वेदी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।